कृषि विज्ञान केन्द्र, अजमेर
श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर

निविदा सूचना क्रमांकः केवीके/एजेएम/फार्म/2026–27/30 दिनांकः 07.04.2026

खुली नीलामी सूचना

कृषि विज्ञान केन्द्र, अजमेर के बीज/फसल उत्पादन इकाई फार्म पर लगभग 60 क्विंटल गेहूं का भुसा (खाखला) की नीलामी जहाँ है जैसा है के आधार पर दिनांक 16.04.2026 को सुबह 11.00 बजे की जानी प्रस्तावित है इच्छुक फर्म/व्यक्ति रु. 5000.00 अमानत राशि (नगद) जमा करवा कर बोली में भाग ले सकते है। नीलामी की गई भुसे (खाखले) की कुल नीलामी राशि की आधी रकम बोली छुटने के तुरन्त बाद कार्यालय में जमा करवानी होगी। शेष राशि भुसा (खाखला) उठाने से पहले कार्यालय में जमा करवानी होगी। नीलामी को स्वीकार व अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षारकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा। भूसे की मात्रा का अवलोकन कार्यालय में आकर किया जा सकता है।

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष
कृषि विज्ञान केन्द्र, अजमेर

नियम शर्तेः–

1. बोली लगाने का हकदार वही व्यक्ति होगा जो कि धरोहर राशि जमा करायेगा।
2. अन्तिम बोली दाता को कमेटी द्वारा छोड़ी गई अन्तिम रकम की आधी राशि तुरन्त प्रभाव से जमा करानी होगी। शेष राशि तीन दिवस मे जमा करवाकर भूसा अगले 10 दिवस में उठा लेना होगा।
3. भूसा सुरक्षा की जिम्मेदारी स्वयं खरीददार की होगी।
4. अन्तिम बोली आने के बाद बोली छोड़ने अथवा नहीं छोड़ने का अधिकार अधोहस्ताक्षारकर्ता का होगा।
5. भूसा ले जाते समय फार्म सम्पत्ति को कोई भी क्षति होने पर उसकी भरपाई खरीदार से वसूल की जावेगी।
6. धरोहर राशि जमा कराते समय रजिस्ट्रेशन शुल्क रुपये 200.00 नकद देने होगें, जो कि वापस नहीं होगे।
7. बोलीदाता को बोली लगाने हेतु स्वंय के आधार कार्ड की प्रति प्रस्तुत करनी होगी।

प्रतिलिपि सूचनार्थः–

1. श्रीमान निदेशक प्रसार शिक्षा, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर
2. श्रीमान वित नियन्त्रक, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर
3. श्रीमान प्रभारी अधिकारी, सिमका, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
4. ग्राम पंचायत तबीजी, सराधना, नाहरपुरा इत्यादि।
5. कृषि विज्ञान केन्द्र, अजमेर के सूचनापट्ट।
6. निविदा फाइल।

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष
कृषि विज्ञान केन्द्र, अजमेर